# मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, मुरादाबाद

पत्रांक :–735/मु0वि0प्रा0/अधि0अभि0/2021–22 दिनांक 16-12-2021

निविदा सूचना सं0 40/मु0वि0प्रा0/मु0अभि0/21–22 दिनांक 09.12.2021 की समय अवधि बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में।

उक्त निविदा सूचना के माध्यम से आमंत्रित क्रम सं0 01 व 05 पर अंकित कार्य की ई–निविदा जो दिनांक 16.12.2021 तक डाउनलोड/अपलोड की जानी तथा दिनांक 17.12.2021 को पूर्वान्ह 11.00 बजे खोली/डाउनलोड की जानी थी, अब दिनांक 20.12.2021 तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकेगी तथा दिनांक 21.12.2021 को पूर्वान्ह 11.00 बजे प्राधिकरण सभागार में खोली/डाउनलोड की जायेगी। शेष नियम व शर्ते यथावत् रहेंगी।

मुख्य अभियन्ता
मुरादाबाद विकास प्राधिकरण
मुरादाबाद।

पत्रांक :– /मु0वि0प्रा0/अधि0अभि0/2021–22 दिनांक

प्रतिलिपिः–

1. उपाध्यक्ष मु0वि0प्रा0 को अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।
3. मु0लेखाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।
5. अधिशासी अभियन्ता–सिविल को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. कम्प्यूटर प्रभारी को सूचना निविदा वेब साइट पर अपलोड किये जाने के आशय से प्रेषित।
6. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

मुख्य अभियन्ता
मुरादाबाद विकास प्राधिकरण
मुरादाबाद।

# कार्यालय मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, मुरादाबाद

## ई–निविदा सूचना

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा निम्नलिखित क्र0सं0 01 से 07 तक के कार्यों हेतु किसी भी सरकारी/अर्धसरकारी विभाग में पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों से टू–बिड पद्धति पर सपठित नियम व शर्तो के अधीन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदायें क्रम सं0 08 के कॉलम में अंकित तिथि तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकेगी तथा निविदा क्रम सं0 09 के कॉलम में अंकित तिथि व समय पर खोली/डाउनलोड की जायेंगी।

| S.No. | Name of work | Estimated cost (Rs. In Lacks) | Earnest Money (Rs.) | Cost of bid document / e-Tender processing fee+18%GST (Rs.) | Work Period (Months) | Category Of Bidder | Last date of uploading of e-tender document | Date & place of opening Technical bid/ Pre-qualification part through E-tender procurement solution |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) |
| 1. | नया मुरादाबाद के सेक्टर–16बी से दिल्ली मुरादाबाद मार्ग तक एप्रोच रोड कार्य। | 26.11 | 52,500.00 | 500.00+90.00 | 03 माह | "विशिष्ट"* श्रेणी | 16.12.2021 | 17.12.2021 को पूर्वान्ह 11:00 बजे एम0डी0ए0 मीटिंग हॉल |
| 2. | नया मुरादाबाद योजना के सेक्टर–10 की टंकी से प्रधानमंत्री आवास योजना तक पानी की लाईन बिछाने का कार्य। | 12.42 | 24,900.00 | 300.00+54.00 | 01 माह | "विशिष्ट"* श्रेणी | 16.12.2021 | 17.12.2021 को पूर्वान्ह 11:00 बजे एम0डी0ए0 मीटिंग हॉल |
| 3. | आशियाना कालोनी में एम0डी0ए0 शॉपिंग कम्पलैक्स के प्रथम तल पर सहयुक्त नियोजक कार्यालय, मुरादाबाद को स्थानान्तरित करने हेतु मरम्मत सम्बन्धी कार्य | 10.02 | 20,100.00 | 300.00+54.00 | 02 माह | "विशिष्ट"* श्रेणी | 16.12.2021 | 17.12.2021 को पूर्वान्ह 11:00 बजे एम0डी0ए0 मीटिंग हॉल |
| 4. | आयुक्त/अध्यक्ष, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के कैम्प कार्यालय पर लॉन में टाईल्स, बाथरूम की मरम्मत एवं रंगाई, पुताई का कार्य। | 6.59 | 13,200.00 | 200.00+36.00 | 01 माह | "विशिष्ट"* श्रेणी | 16.12.2021 | 17.12.2021 को पूर्वान्ह 11:00 बजे एम0डी0ए0 मीटिंग हॉल |
| 5. | आशियाना योजना स्थित प्राधिकरण स्टाफ भवन सं0 ओ0एफ 06 की मरम्मत एवं रंगाई पुताई आदि का कार्य। | 1.99 | 4,000.00 | 200.00+36.00 | 01 माह | "विशिष्ट"* श्रेणी | 16.12.2021 | 17.12.2021 को पूर्वान्ह 11:00 बजे एम0डी0ए0 मीटिंग हॉल |

*नियम व शर्तो का क्रमांक 12 देखें

नियम व शर्ते :–

1. निविदा मूल्य व जमानत (धरोहर) धनराशि आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक, शॉप नं0–19–23, लोअर ग्राउड फ्लोर, चड्डा शोपिंग कॉम्पलैक्स, मुरादाबाद के Account No-019001006737, IFSC code – ICIC0000190 में NEFT/RTGS के माध्यम से धनराशि जमा कराते हुए प्राप्त यू0टी0आर0 स्लिप (पृथक–पृथक) की स्कैन कॉपी ई–निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। निर्धारित निविदा शुल्क या धरोहर धनराशि प्राधिकरण खाते में निर्धारित समय तक प्राप्त नही होने की स्थिति में निविदा मान्य नही होगी। निविदा मूल्य की जमा धनराशि किसी भी दशा में वापिस नहीं की जायेगी।
2. यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को अवकाश होता है तो उसके ठीक अगले कार्य दिवस मे निविदा खोली जायेगी।
3. निविदादाता को आयकर विभाग एवं जी0एस0टी0 में पंजीकरण होना अनिवार्य है। शासन द्वारा समय–समय पर लागू आयकर, लेबर सेस एवं अन्य करों की कटौती पूर्व की भांति ठेकेदार के बिलों से नियमानुसार की जायेगी। जी0एस0टी0 नियमानुसार अतिरिक्त देय होगा।
4. निविदा प्रपत्र एवं निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्रों को स्व हस्ताक्षरित किया जाना अनिवार्य है। बिना स्व–हस्ताक्षरित निविदा प्रपत्र के प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
5. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।
6. निविदादाता स्वयं स्थल देख लें और सही स्थिति से संतुष्ट होने के बाद ही निविदा में दरें अंकित करें। निविदा में दी गयी दरें 90 दिन तक मान्य होंगी।
7. केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/स्थानीय निकाय द्वारा समय–समय पर लगाये गये करों सहित नियमानुसार अन्य कटौतियाँ लोक निर्माण विभाग व शासन द्वारा जारी नियमों के अनुसार फर्म/ठेकेदार के चलित देयक से की जायेगी।
8. जो निविदादाता अपनी दरें बी0ओ0क्यू0 की दरों से 10 प्रतिशत से अधिक निम्न दरें अंकित करते हैं, उन्हें बी0ओ0क्यू0 से 10 प्रतिशत निम्न तक 0.5 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न दरों पर 1.00 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत कम दर पर अतिरिक्त सिक्योरिटी/परफोरमेन्स गारन्टी जमा करनी होगी।
9. निविदा स्वीकृति की दशा में निविदादाता को भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा शर्त विनियमन) अधिनियम–1996 के अन्तर्गत कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व श्रम विभाग में पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।
10. निविदादाता को निविदा में दर्शित मदों के समान प्रकृति के कार्य का अनुभव संलग्न करना होगा। अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न न होने की दशा में निविदा मान्य नहीं होगी।
11. निविदा सूचना प्राधिकरण की बेवसाईट www.mdamoradabad.org पर एवं निविदा प्रपत्र ई–पोर्टल http://etender.up.nic.in पर देखे जा सकते है। निविदाओं के सम्बन्ध मे कोई भी संशोधन/परिमार्जन/परिवर्तन व अतिरिक्त सूचनाऐं ई–पोर्टल http://etender.up.nic.in पर ही उपलब्ध करायी जायेगी। अतः इच्छुक निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे नियमित रूप से उक्त ई–पोर्टल को समय–समय पर देखते रहें।
12. उपरोक्त कार्यो हेतु विशिष्ट श्रेणी के अन्तर्गत किसी भी विकास प्राधिकरण/शासकीय विभाग में पंजीकृत फर्में निविदा में प्रतिभाग कर सकती है। प्राधिकरण में अपंजीकृत सफल निविदादाता को अनुबन्ध से पूर्व मु0वि0प्रा0, मुरादाबाद में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा एवं मुरादाबाद विकास प्राधिकरण में पंजीकृत फर्मो को नवीनीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
13. कार्य की मात्रा में कमी/बढ़ोत्तरी अथवा विभाजित करने अथवा किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार उपाध्यक्ष, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण में निहित है, जिसके विरूद्ध निविदादाता का कोई क्लेम मान्य नहीं होगा।
14. निविदादाता द्वारा दिये गये दस्तावेजों/प्रमाण–पत्रों के गलत पाये जाने पर कार्य/अनुबन्ध की स्वीकृति को तत्काल निरस्त करते हुए ठेकेदार द्वारा जमा धरोहर/जमानत धनराशि को जब्त कर लिया जायेगा तथा ठेकेदार को कालीसूची में डाल दिया जायेगा।

15. स्टेट बार कैंसिल में पंजीकृत व्यक्ति एवं आपराधिक रिकार्ड वाले निविदादाता को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं है। साथ ही यदि निविदादाता का सगा सम्बन्धी (First blood relation & their dependant) मुरादाबाद विकास प्राधिकरण में कार्यरत है तो उसे भी निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं है।

16. निविदादाता को इस आशय का शपथ–पत्र देना होगा कि उसका अथवा उसके पति/पत्नी का अथवा उसके किसी भी पार्टनर अथवा पार्टनर के पति/पत्नी का निकट का रिश्तेदार (माता, पिता, पुत्र, पुत्री, पति, पत्नी, भाई, बहन) मुरादाबाद विकास प्राधिकरण में कार्यरत नहीं है। यदि किसी भी समय इसके विपरीत तथ्य पाया गया तो ठेकेदार का पंजीकरण निरस्त करते हुए फर्म को काली सूची में डाल दिया जायेगा।

17. आवेदनकर्ता को प्रस्तर–16 में उल्लेखिंत शर्तों के अतिरिक्त एक शपथ पत्र इस आशय से भी देना होगा कि उस का कोई निकट सम्बन्धी (माता, पिता, पुत्र, पुत्री, पति, पत्नी) किसी फर्म या कंपनी में भागीदार अथवा डायरेक्टर नहीं है जो मुरादाबाद विकास प्राधिकरण मुरादाबाद में पंजीकृत ठेकेदार हो, और यदि ऐसा है तो उसे समस्त विवरण अपने रिश्तेदार की फर्म अथवा कंपनी का उल्लेख करते हुये अपने आवेदन के साथ वर्णित करना आवश्यक होगा, साथ ही आवेदक को यह भी घोषणा पत्र देना आवश्यक होगा कि प्राधिकरण द्वारा जारी निविदा में जिसमें वह भाग ले रहा है उसमें उसके रिश्तेदार, संबन्धी या सम्बन्धी की फर्म या कंपनी भाग नहीं लेगी। इसके विपरीत यदि यह पाया जाता है कि आवेदक द्वारा प्राधिकरण में इन तथ्यों को छिपाया गया है अथवा किसी समय इनकी अवहेलना की गई है तो प्राधिकरण को अधिकार होगा कि वह आवेदक का पंजीकरण अविलंब निरस्त कर दे और उसके पक्ष में यदि कोई कार्य आवंटन है तो उसको भी समाप्त करते हुये उसकी जमा धनराशि को प्राधिकरण अविलम्ब जब्त कर लेगा।

18. आवेदक या पंजीकृत किए जाने वाले ठेकेदार पर कंपटीशन एक्त 2002 के समस्त प्रावधान लागू होंगे और उनकी अवहेलना करने पर प्राधिकरण को सम्बन्धित ठेकेदार के विरूद्ध विधिसम्मत कार्यवाही करने का सम्पूर्ण अधिकार होगा।

19. कम सं0 01 के कार्य हेतु निविदादाता को प्राधिकरण/नगर निगम/अन्य सरकारी संस्थाओं में नलकूपों के संचालन व अनुरक्षण के कार्य हेतु समान प्रकृति के न्यूनतम 03 वर्ष कार्य करने का अनुभव होना अनिवार्य है।

20. यदि कोई निविदादाता बिड रिगिंग/Bid Collusion में सम्मिलित पाया जाता है अथवा निविदा की स्वस्थ प्रतियोगिता की प्रक्रिया को किसी भी प्रकार से दूषित करता है, तो उसे भविष्य में होने वाली निविदा में प्रतिभाग करने हेतु प्रतिबन्धित कर दिया जायेगा।

मुख्य अभियन्ता,

पत्रांक :– 40 /मु0वि0प्रा0/मु0अभि0/21–22 दिनांकः– 09/12/2021

प्रतिलिपि :–

1. उपाध्यक्ष मु0वि0प्रा0 को अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. सचिव मु0वि0प्रा0 को सूचनार्थ प्रेषित।
3. मु0लेखाधिकारी, मु0वि0प्रा0 को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. अधिशासी अभियन्ता को इस आशय से कि निविदा प्रपत्र ई–निविदा वेबसाइट पर अपलोड करवाना सुनिश्चित करें।
5. कम्प्यूटर प्रभारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. विज्ञापन प्रभारी को नियमानुसार प्रकाशन हेतु तथा प्रकाशन उपरान्त समाचार पत्र की प्रति मुख्य अभियन्ता कार्यालय को उपलब्ध कराने हेतु।
7. नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु ।

मुख्य अभियन्ता,